HindvanshiEducation.com presents....

मासिक प्रश्नोत्तर संग्रह

M-30 PDF सीरीज......

UPSC BPSC JPSC

एवं

अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी

HindvanshiEducation.com

Monthly Current Affairs Quiz

(V)-30

नवम्बर 2019

1. COP25 जलवायु शिखर सम्मेलन का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया जाएगा?

a. मेड्रिड

b. क्योटो

c. नैरोबी

d. हेलसिंकी

मेड्रिड

चिली सरकार द्वारा COP25 शिखर सम्मेलन की मेजबानी रद्द करने के बाद अब यह सम्मेलन स्पेन की राजधानी मेड्रिड में आयोजित किया जाएगा।

चिली में मौजूदा सरकार के खिलाफ चल रहे भारी विरोध प्रदर्शन के कारण चिली की सरकार ने COP25 जलवायु शिखर सम्मेलन के आयोजन से इनकार कर दिया।

2. टाटा ट्रस्ट्स द्वारा जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के अनुसार पूरे देश में लोगों को न्याय दिलाने के मामले में कौन सा राज्य शीर्ष पर है?

a. मणिपुर

b. महाराष्ट्र

c. तमिलनाडु

d. पश्चिम बंगाल

महाराष्ट्र

भारतीय न्याय प्रणाली के संबंध में टाटा ट्रस्ट्स द्वारा जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के अनुसार, पूरे देश में लोगों को न्याय दिलाने के मामले में महाराष्ट्र प्रथम केरल द्वितीय और तमिलनाडु तृतीय स्थान पर है।

न्याय दिलाने के मामले में उत्तर प्रदेश बड़े राज्यों में सबसे निचले पायदान पर है।

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट चार मानकों पुलिस, न्यायपालिका, जेल और कानूनी सहायता को केंद्र में रख कर तैयार किया गया है।

3. 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मलेन 2019 का आयोजन किस शहर में किया जाएगा?

a. ब्रुसेल्स

b. मेलबर्न

c. न्यूयॉर्क

d. नई दिल्ली

मेलबर्न

दूसरा ‘नो मनी फॉर टेरर’ सम्मलेन 2019 ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन का उद्देश्य आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण पर लगाम लगाने हेतु विचार-विमर्श करना था।

पहला “नो मनी फॉर टेरर” सम्मेलन 2018 में फ्रांस में आयोजित किया गया था जबकि भारत 2020 में अगले “नो मनी फॉर टेरर” सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

4. निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री ने सभी सातों प्रदेश के राज्यपालों को एक साथ बर्खास्त कर दिया?

a. नेपाल

b. श्रीलंका

c. मालदीव

d. पाकिस्तान

नेपाल

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाल के सभी सातों प्रदेश के राज्यपालों को बर्खास्त कर दिया।

बर्खास्त किए गए सभी राज्यपाल नेपाली कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त हुए थे।

मौजूदा समय में नेपाल में कम्युनिष्ट पार्टी की सरकार है और केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री हैं।

5. भारत की वन्य जीव संरक्षण संस्था वाइल्डलाइफ एसओएस ने हाथियों के सम्मान में निम्नलिखित ने से किस शहर में देश का पहला हाथी स्मारक (elephant memorial) बनाया है?

a. पुरी

b. मथुरा

c. तिनसुकिया

d. जलपाईगुड़ी

मथुरा

भारत की वन्य जीव संरक्षण संस्था वाइल्डलाइफ एसओएस ने हाथियों के सम्मान में मथुरा के फहर ब्लॉक के चुरमुरा गांव में देश का पहला हाथी स्मारक (elephant memorial) बनाया है।

यह स्मारक उन हाथियों की याद में बनाया गया है जिन्हें रेस्क्यू ऑपरेशन्स के दौरान बचाने की कोशिश की गई लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

6. समुद्री युद्धाभ्यास 'समुद्र शक्ति' का आयोजन किन दो देशों के बीच किया गया?

a. भारत मॉरीशस

b. भारत मालदीव

c. भारत सिंगापुर

d. भारत इंडोनेशिया

भारत इंडोनेशिया

भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच समुद्री युद्धाभ्यास 'समुद्र शक्ति' का आयोजन किया गया।

इसमें भारतीय नौसेना का पनडुब्बी रोधी युद्धक कॉरवेट - आईएनएस कामोरता और इंडोनेशियाई युद्धक जहाज केआरआई उस्मान हारून ने भाग लिया।

7. वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से किस देश की संसद ने "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया है?

a. फ्रांस

b. ब्रिटेन

c. स्वीडन

d. न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड

न्यूज़ीलैंड ने वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया।

8. राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव ‘आदि महोत्सव 2019’ का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया जाएगा?

a. राँची

b. भोपाल

c. नई दिल्ली

d. भुवनेश्वर

नई दिल्ली

नई दिल्ली के दिल्ली हाट में राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव 'आदि महोत्सव 2019' का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव की थीम 'जनजातीय संस्कृति, शिल्प, पाक कला और व्यापार की भावना का समारोह' है।

उत्सव में जनजातीय हस्तशिल्प, कला, चित्रकला, वस्त्र, आभूषण इत्यादि की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी।

9. पहला बिम्सटेक बंदरगाह सम्मेलन (BIMSTEC Ports Conclave 2019) निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया?

a. कांडला

b. कोचीन

c. तूतीकोरिन

d. विशाखापत्तनम

विशाखापत्तनम

पहला बिम्सटेक बंदरगाह सम्मेलन (BIMSTEC Ports Conclave) 2019 विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में बिम्सटेक सदस्य देशों भारत, बांग्लादेश, म्यामांर, श्रीलंका, थाईलैंड, भूटान और नेपाल के क्षेत्रीय बंदरगाहों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

10. भारत के किस बावड़ी को न्यूयार्क स्थित NGO विश्व स्मारक कोष (World Monuments Fund-WMF) ने विश्व स्मारक निगरानी सूची-2020 में शामिल किया है?

a. चाँद बावड़ी, राजस्थान

b. सुरंगा बावड़ी, कर्नाटक

c. रानी की वाव बावड़ी, गुजरात

d. चम्पा बाग की बावड़ी, राजस्थान

हिन्दवंशी
HINDVANSHI

सुरंगा बावड़ी, कर्नाटक

न्यूयार्क स्थित NGO विश्व स्मारक कोष (World Monuments Fund-WMF) ने कर्नाटक के विजयपुरा में स्थित प्राचीन भूमिगत जल प्रणाली सुरंगा बावड़ी को विश्व स्मारक निगरानी सूची-2020 में शामिल किया है।

इस सूची में शामिल होने के बाद इस बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिये WMF द्वारा अगले 2 वर्षों के लिए जीर्णोद्धार वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

हिन्दवंशी HINDVANSHI

11. निम्नलिखित में से किस देश ने अल्ज़ाइमर रोग के निदान के लिये जीवी-971 (GV-971) नामक दवा विकसित की है?

a. चीन

b. जापान

c. ब्रिटेन

d. अमेरिका

चीन

चीन ने अल्ज़ाइमर रोग के निदान के लिये जीवी-971 (GV-971) नामक घरेलू दवा विकसित की है।

अल्ज़ाइमर रोग 'डिमेंशिया' नामक सिंड्रोम का सामान्य रूप है जिसमें ब्रेन डिसऑर्डर के रूप में मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएँ नष्ट हो जाती हैं।

इस रोग के कारण रोगी की सोचने की क्षमता तथा स्मरण क्षमता घट जाती है।

12. 'भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव' (IISF) 2019 का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया जाएगा?

a. बेंगलुरु

b. कोलकाता

c. हैदराबाद

d. नई दिल्ली

कोलकाता

'भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव' (IISF) का पांचवा संस्करण कोलकाता के बिस्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा।

IISF-2019 भारत और दुनिया के दूसरे देशों के विद्यार्थियों, नवाचारी, शिल्पकारों, किसानों, वैज्ञानिकों तथा तकनीकविदों का समागम है, जिसमें ये सभी भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति का उत्सव मनाएंगे।

IISF-2019 महोत्सव का मुख्य विषय 'राइजेन इंडिया' (राष्ट्र को सशक्त बनाता अनुसंधान, नवाचार और विज्ञान) रखा गया है।

13. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा खादी वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कौन सा कोड जारी किया गया है?

a. आर वी कोड

b. आई टी कोड

c. पी जेड कोड

d. एच एस कोड

एच एस कोड

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा भारत के हस्ताक्षर खादी वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अलग से एच एस कोड जारी किया गया है।

एचएस कोड विश्व सीमा संगठन द्वारा विकसित छह अंकों का पहचान कोड है जिसका इसका उपयोग सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को पार करने की अनुमति देने के लिए किया जाता है।

14. किस देश के राष्ट्रपति को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह 2019 में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है?

a. ब्राजील

b. जापान

c. अमेरिका

d. उज्बेकिस्तान

ब्राजील

ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो अगले साल भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

15. निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान के द्वारा पहले भारतीय मस्तिष्क एटलस (IBA100) का निर्माण किया गया है?

a. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

b. भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर

c. अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद

d. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद

अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद

हैदराबाद स्थित अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (International Institute of Information Technology-Hyderabad, IIITH) ने पहले भारतीय मस्तिष्क एटलस Indian Brain Atlas (IBA100) का निर्माण किया है।

शोध के मुताबिक पश्चिमी और अन्य पूर्वी देशो के लोगों की तुलना में भारतीय लोगों का मस्तिष्क औसतन ऊंचाई, चौड़ाई और मात्रा में छोटा होता है।

मेडिकल जर्नल न्यूरोलॉजी इंडिया (Neurology India) में प्रकाशित खबर के मुताबिक ये शोध मस्तिष्क संबंधी बीमारियों और अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाने में मदद करेगा।

16. निम्नलिखित में से किस बंदरगाह पर विश्व का पहला सीएनजी पोर्ट टर्मिनल बनाया जाएगा?

a. मांडवा

b. मंगलोर

c. भावनगर

d. कोझिकोड

भावनगर

ब्रिटेन के फोर साइट समूह और मुंबई स्थित पद्मनाभ मफतलाल ग्रुप के सहयोग से गुजरात के भावनगर बंदरगाह पर विश्व का पहला सीएनजी पोर्ट टर्मिनल बनाया जाएगा।

17. निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान के द्वारा दिव्यांग लोगों की सुविधा हेतु भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया स्टैंडिंग व्हीलचेयर 'अराइज' लांच किया गया है?

a. IIT मद्रास

b. IIT मुम्बई

c. IIT कानपुर

d. IIT गुवाहाटी

IIT मद्रास

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास द्वारा फीनिक्स मेडिकल सिस्टम के सहयोग से दिव्यांग लोगों की सुविधा हेतु भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया स्टैंडिंग व्हीलचेयर लांच किया गया।

इस व्हीलचेयर का नाम 'अराइज' (Arise) रखा गया है।

इस व्हीलचेयर द्वारा अलग-अलग स्थिति के दिव्यांग व्यक्ति को बैठने से लेकर खड़े होने तक की सुविधा प्राप्त होगी।

18. नागरिकों की बच्चों के प्रति नैतिक जिम्मेदारी तय करने के उद्देश्य से किस राज्य की सरकार ने 'शिशु सुरक्षा' मोबाइल एप्प लॉन्च किया है?

a. असम

b. बिहार

c. कर्नाटक

d. मध्यप्रदेश

असम

असम सरकार ने 'शिशु सुरक्षा' मोबाइल एप्प लॉन्च किया है।

इस मोबाइल एप्प का उपयोग राज्य में किसी भी नागरिक द्वारा शिकायत करने के लिए किया जा सकता है।

इसका उद्देश्य राज्य में मौजूद बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाना तथा सभी नागरिकों की बच्चों के प्रति नैतिक जिम्मेदारी तय करना है।

19. निम्नलिखित में से किस भारतीय खिलाड़ी को टाइम पत्रिका की दुनिया की सबसे प्रभावी 100 व्यक्तियों की सूची के विस्तार के अंतर्गत शुरू की गई 'टाइम 100 नेक्स्ट' सूची में शामिल किया गया है?

a. दुती चंद

b. मैरी कॉम

c. हिमा दास

d. साइना नेहवाल

हिन्दवंशी
HINDVANSHI

दुती चंद

भारतीय धाविका दुती चंद को टाइम पत्रिका की दुनिया की सबसे प्रभावी 100 व्यक्तियों की सूची के विस्तार के अंतर्गत शुरू की गई 'टाइम 100 नेक्स्ट' सूची में शामिल किया गया है।

यह सूची 'टाइम' पत्रिका ने शुरू की है जिसमें 100 उदीयमान सितारों को शामिल किया गया है।

20. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2020 निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया जाएगा?

a. नई दिल्ली

b. केपटाउन

c. सेंट पीटर्सबर्ग

d. रियो डी जेनेरियो

सेंट पीटर्सबर्ग

11वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित किया गया।

11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय 'उन्नत भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि' है।

अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जुलाई 2020 में सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में आयोजित किया जाएगा।

21. जाली या डुप्लिकेट उत्पादों की पहचान के लिए किस ई-कॉमर्स कंपनी ने भारत में 'प्रोजेक्ट जीरो' पेश किया है?

a. स्नैपडील

b. अमेजोन

c. फ्लिपकार्ट

d. आलीबाबा

अमेजोन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में अपना 'प्रोजेक्ट जीरो' पेश किया है।

इसके जरिये विभिन्न ब्रांडों को जाली या डुप्लिकेट उत्पादों की पहचान के लिए अतिरिक्त माध्यम मिलेंगे तथा वे उन्हें अपने प्लेटफॉर्म से हटा सकेंगे।

22. निम्नलिखित में से किस भारतीय स्कॉलर ने छोटे और सीमांत ग्रामीण डेयरी किसानों के लिए एक सस्ती स्वदेशी मिल्क चिलिंग यूनिट का आविष्कार करने के लिए 'ब्रिक्स-यंग इनोवेटर पुरस्कार' जीता है?

a. रवि प्रकाश

b. सुरेन्द्र नारायण

c. अनन्या रावत

d. अन्नापूर्णा रेड्डी

रवि प्रकाश

भारतीय पीएचडी स्कॉलर रवि प्रकाश ने छोटे और सीमांत ग्रामीण डेयरी किसानों के लिए एक सस्ती स्वदेशी मिल्क चिलिंग यूनिट का आविष्कार करने के लिए USD 25,000 'ब्रिक्स-यंग इनोवेटर पुरस्कार' जीता है।

23. विश्व के पहले मुस्लिम योग शिविर का आयोजन निम्न में से किस राज्य में किया जाएगा?

a. केरल

b. मिजोरम

c. उत्तराखंड

d. पश्चिम बंगाल

उत्तराखंड

विश्व के पहले मुस्लिम योग शिविर का आयोजन उत्तराखंड के कोटद्वार में किया जाएगा।

इस योग शिविर में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने के साथ पतंजलि योगपीठ के द्वारा बताए गए योगासन भी करेंगे।

24. विश्व शौचालय दिवस 2019 की थीम क्या है?

a. # डिसएबल्ड पर्सन्स

b. फाइट फ्रॉम टॉयलेट

c. लिविंग नो वन बीहाइंड

d. क्लीन टॉयलेट क्लीन सोसाइटी

लिविंग नो वन बीहाइंड

हर साल 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस (World Toilet Day) मनाया जाता है।

विश्व शौचालय दिवस 2019 की थीम 'लिविंग नो वन बीहाइंड' है।

25. निम्नलिखित में से किस झील में फूड पॉयजनिंग 'बोटुलिज़्म' की वजह से हज़ारों प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है?

a. चिल्का झील

b. काँवर झील

c. सांभर झील

d. लोकटक झील

सांभर झील

जयपुर की सांभर झील में 'बोटुलिज़्म' की वजह से हज़ारों प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है।

'बोटुलिज़्म' एक किस्म की फूड पॉयजनिंग है जो बोटुलिन के शरीर में जाने से होती है जो सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करती है।

26. निम्नलिखित में से किस विधानसभा में 10वें राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किया जाएगा?

a. बिहार विधानसभा

b. दिल्ली विधानसभा

c. महाराष्ट्र विधानसभा

d. उत्तरप्रदेश विधानसभा

दिल्ली विधानसभा

दिल्ली विधानसभा में 10वें राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किया जाएगा।

भारत में पहली बार किसी विधानसभा के अंदर राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है।

27. भारतीय रेल के वित्तीय प्रबंधन में पेशेवर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस शहर में भारतीय रेल वित्तीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना की गई है?

a. खड़गपुर

b. हैदराबाद

c. प्रयागराज

d. नई दिल्ली

हैदराबाद

भारतीय रेल के वित्तीय प्रबंधन में पेशेवर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से हैदराबाद में भारतीय रेल वित्तीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना की गई।

भारतीय रेल वित्तीय प्रबंधन संस्थान (IRIFM) रेलवे के वित्त एवं लेखा अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन का पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

हिन्दवंशी
HINDVANSHI

28. यूनाइटेड किंगडम के रॉयल एरोनॉटिकल सोसाइटी की ओर से किस भारतीय वैज्ञानिक को 'मानद फेलोशिप' से सम्मानित किया गया है?

a. के सिवान

b. वी के सारस्वत

c. जी सतीश रेड्डी

d. ए एस किरण कुमार

हिन्दवंशी
HINDVANSHI

जी सतीश रेड्डी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के चेयरमैन जी. सतीश रेड्डी को रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ यूके ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है।

जी. सतीश रेड्डी बीते 100 सालों में यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय वैज्ञानिक हैं।

यूनाइटेड किंगडम के रॉयल एरोनॉटिकल सोसाइटी की ओर से जी. सतीश रेड्डी को यह सम्मान भारत में विविधीकृत मिसाइल प्रणालियों, एयरोस्पेस वाहनों, निर्देशित हथियारों और एविओनिक्स प्रौद्योगिकियों की डिजाइन, विकास और तैनाती में योगदान के लिए दिया गया है।

29. महिलाओं पर हो रही हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस किस दिन मनाया जाता है?

a. 3 मई

b. 11 जुलाई

c. 15 सितम्बर

d. 25 नवम्बर

25 नवम्बर

25 नवंबर को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया जाता है।

यह दिवस महिलाओं पर हो रही हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

हिन्दवंशी
HINDVANSHI

30. अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन 2019 का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया गया?

a. भोपाल

b. जोधपुर

c. लखनऊ

d. अमरावती

लखनऊ

47वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन का आयोजन उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ।

Source of material

hindvanshieducation.com

मासिक घटनाक्रम संग्रह

HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com

तमसो मा ज्योतिर्गमय

हिन्दवंशी

HINDVANSHI

HindvanshiEducation.com